बरेली, शुक्रवार
31 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO IV BOTTOM

# सेमीफाइनल मुकाबले में हल्द्वानी व देहरादून की जीत



क्रिकेट टूर्नामेंट में शाट लगाती खिलाड़ी • सौ. आयोजक

- श्रीराम मूर्ति वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर, बारिश के चलते अपनाई डीएलएस पद्धति
- देहरादून की नीलम को लगातार तीसरी बार व हल्द्वानी की अंकिता को प्लेयर आफ द मैच से नवाजा

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट भोजीपुरा के तीसरे दिन गुरुवार को हुए वर्षा बाधित मैचों में हल्द्वानी क्वींस ने डीएलएस पद्धति से दिल्ली दबंग वूमन को हराया दिया। वहीं, देहरादून स्ट्राइकर्स ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले मुकाबले में दिल्ली दबंग ने टास जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 67 रन बनाए। हल्द्वानी की गेंदबाज अंकिता शाह ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में मात्र आठ रन देकर दो विकेट चटकाए। साथ ही 26 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।

वहीं, बारिश के चलते मैच बाधित होने की स्थिति में डीएलएस पद्धति से हल्द्वानी को विजेता घोषित कर दिया गया और अंकिता शाह को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच एसआरएमएस एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया, जिसे बारिश के कारण 16-16 ओवर का किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम ने सात विकेट पर 84 रन बनाए। कप्तान मुस्कान खान ने 22 गेंदों पर 28 रन, मनीषा कंवर ने 20 रन और काजल भाटी ने 15 रन का योगदान दिया। वहीं, देहरादून की नीलम बिष्ट ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए और बल्ले से भी कमाल दिखाते हुए 22 गेंदों पर 23 रन बनाए, जिसमें एक छक्का और दो चौके शामिल रहे।

देहरादून स्ट्राइकर्स ने एक गेंद शेष रहते 15.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर तीन विकेट से जीत दर्ज की। नीलम बिष्ट को लगातार तीसरी बार प्लेयर आफ द मैच से नवाजा गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच शुक्रवार सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स के बीच खेला जाएगा। आयोजन में एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. ऋतु सिंह, डा. शैलेश सक्सेना, डा. नितिन शर्मा व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



शाट लगाती खिलाड़ी • सौ. आयोजक